प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन

पन्तनगर। 15 सितम्बर 2023। विश्वविद्यालय की एकाउंट्स वैलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में हिन्दी दिवस सप्ताह समारोह व हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलसचिव व अधिष्ठात्री डा. अलका गोयल ने कहा कि मातृभाषा के प्रेम में माध्यम आड़े नहीं आना चाहिए। हिन्दी हमारे देश की आत्मा है। इस अवसर पर निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण मोहम्मद नासिर तथा निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा कार्यवाहक अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय डा. ए.के. गौड़ मौजूद रहे।

विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के पर्यावरण विभाग में आयोजित हिन्दी सप्ताह व हिन्दी दिवस समापन समारोह को संबोधित करते हुए डा. अलका गोयल ने कहा कि हिन्दी हमारे देश की आत्मा है। देश की प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक विरासत को बनाये रखने के लिए हमें हिन्दी को वरीयता देनी ही होगी। हिन्दी हमारे राष्ट्र की भाषा ही नहीं, अपितु हमारे देश की संस्कृति संस्कार एवं सभ्यता की परिचायक भी है। उन्होंने एकाउंट्स वैलफेयर सोसाइटी को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण मोहम्मद नासिर ने कहा कि हिन्दी भाषा अपने आप में एक संपूर्ण भाषा है, इसका कोई तोड़ नहीं हैं और हमें अपनी मातृभाषा को बढ़ावा देना होगा। निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल ने कहा कि एकाउंट्स वैलफेयर सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि स्कूली बच्चों की प्रतियोगितायें उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं। हमें हिन्दी का प्रचार–प्रसार करना होगा। अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय डा. ए.के. गौड़ ने कहा कि भारत में कई प्रकार की भाषा बोली जाती है जिसमें बृज, अवधि, भोजपुरी व अन्य परन्तु सभी का संबंध हिन्दी से ही है। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक श्रम कल्याण डा. जीसी जोशी, एकाउंट्स वैलफेयर सोसाइटी के त्रिलोकी शंकर मिश्रा, अशोक कुमार कुशवाहा, ज्योति चन्द्रा, भूपेष जोशी, ज्योति, रेनू भट्ट, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक व हिन्दी प्रेमी मौजूद रहे।

प्रतिभागियों पुरस्कृत करते अतिथिगण।